देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 329 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बेहतर शिक्षा और काम



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 13 फरवरी 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 13.0°

41565.90

2 करॉना वायरस बना गंभीर वैश्विक खतरा

7 जसप्रीत बुमराह का ताज छिना

## संक्षिप्त समाचार

### बंद कर दो दुकान... 0 पर कांग्रेस में रार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार शून्य पर सिमटने वाली कांग्रेस में घमासान मच गया है। पार्टी के 63 उम्मीदवारों की इन चुनावों में जमानत जब्त हो गई। इस बुरी तरह से हार के बाद कांग्रेस में घमासान मच गया है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने अरविंद केजरीवाल को बधाई दी वहीं, दिल्ली महिला कांग्रेस चीफ शर्मिष्ठा मुखर्जी ने उनसे चुभते हुए सवाल पूछे हैं। इधर, दिल्ली चुनाव प्रभारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसी चाको ने कहा कि आप के उदय के बाद कांग्रेस कभी भी अपना वोट बैंक वापस नहीं पा सकी।

### अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा, सरकार नहीं उठा रही कदमः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने करॉना वायरस के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। वायनाड से सांसद राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। चीन के हुबेई प्रांत से दुनिया 25 देशों में फैले जानलेवा वायरस करॉना के कारण अबतक 1100 से ज्यादा मौते हो चुकी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ग्लोबल इमर्जेंसी घोषित कर रखा है।

### प्रदर्शनकारियों से मिलकर प्रियंका ने साधा सरकार पर निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आजमगढ। प्रियंका गांधी ने आजमगढ़ के बिलरियागंज में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान अपनी आपबीती बताते हुए एक प्रदर्शनकारी की बच्ची रोने लगी तो प्रियंका ने उसे चॉकलेट देकर मनाया। आजमगढ़ में प्रियंका के दौरे से सियासी गलियारों खासकर समाजवादी पार्टी (एसपी) में हलचल तेज है। इस दौरान प्रियंका ने अखिलेश पर तो कुछ नहीं कहा लेकिन यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को इतना परेशान किया गया आखिर इन्हें समस्या क्या है? बच्चों को जेल से निकाला जाए।

# काली सूची से डरा पाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने बुधवार को दो मामलों में साढ़े पांच-साढ़े पांच साल कैद की सजा सुनाई। प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा सरगना को टेरर फंडिंग के दो मामलों में लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत ने सजा सुनाई है। दोनों ही मामलों में साढ़े पांच-साढेछ पांच साल कैद की सजा सुनाई गई है जो साथ-साथ चलेगी। उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

हाफिज के खिलाफ आतंकी फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध कब्जे के कुल 29 मामले दर्ज हैं। हाफिज पर यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान पर एफएटीएफ की काली सूची में

### ■मुंबई अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को 11 साल की सजा

शामिल होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, यह भारत के लिए एक बड़ी जीत है जो पिछले 11 सालों से ज्यादा वक्त से हाफिज को कानून के कठघरे में खड़ा करने की लड़ाई लड़ रहा है।

इधर, आतंकवाद के जनक के तौर पर दुनिया में बदनाम पाकिस्तान को डर इस बात का है कि अगर उसे एफएटीएफ की काली सूची में शामिल किया जाता है तो उसकी डूब रही अर्थव्यवस्था को उबारना और भी मुश्किल हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में लश्कर के 10 आतंकियों ने हमला था जिसमें 160 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 300 लोग घायल हो गए थे। उस दिन मुंबई के सीएसटी रेलवे स्टेशन, मुंबई के आलीशान ताज महल और ट्राइडेंड होटल सहित कई इलाके को निशाना बनाया गया था। मरने वालों में विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस घटना के बाद अमेरिका ने हाफिज को ब्लैक लिस्ट कर दिया था और उसपर इनाम घोषित किया था। हाफिज के खिलाफ आज आया कोर्ट का फैसला उसी से जोड़कर देखा जा रहा है।



### एफएटीएफ से डरा पाक

गौरतलब है कि आतंकवाद को मुहैया कराए जाने वाले धन की निगरानी करने वाली एफएटीएफ ने पाकिस्तान को अपनी ग्रे सूची में डाल दिया है और उसपर काली सूची में जाने का खतरा मंडरा रहा था। उसके बाद से ही पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने हाफिज की नकेल कसने शुरु की थी।

### भारत को मिला अमेरिका का साथ

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में समय-समय पर पाक में पल रहे आतंक की बातें जोर-शोर से उठाई है। इसमें अमेरिका का भी पूरा साथ मिलता रहा है जिसने हाल ही में जमात-उद-दावा चीफ हाफिज के खिलाफ मुकदमा तेज करने की अपील की थी। दिसंबर में हाफिज और उसके तीन करीबी सहयोगियों- हाफिज अब्दुल सलाम बिन मुहम्मद, मुहम्मद अशरफ और जफर इकबाल के खिलाफ आरोप तय किए गए थे जिसका अमेरिका ने स्वागत किया था। तब अमेरिका की दक्षिण और मध्य एशिया की कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जी वेल्स ने कहा था, हम पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वह आतंकवाद के वित्त पोषण को बंद करने और 26/11 जैसे आतंकवादी हमलों के दोषियों को सजा दिलाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुसार पूर्ण रूप से मुकदमा चलाए और तेजी से सुनवाई करें।

# हाथ जोड़ती हूं... कोर्ट में रो पड़ी निर्भया की मां

## दोनों पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई गुरुवार तक के लिए टली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया की मां फांसी की सजा पाए चारों दोषियों के लिए तुरंत नया डेथ वॉरंट जारी करने की मांग करते हुए बुधवार को कोर्ट में रो पड़ीं। निर्भया की मां ने जज से कहा कि वह सात साल से न्याय का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने जज से कहा, ्मैं हाथ जोड़कर मांग कर रही हूं कि दोषियों के खिलाफ डेथ वॉरंट जारी किया जाए। वह बाद में कोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए भी रो पड़ीं। निर्भया के दोषियों पर नया डेथ वॉरंट जारी करने के मृतका के माता-पिता और दिल्ली सरकार की याचिका पर बुधवार को दिल्ली की अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी।कोर्ट में मौजूद निर्भया की मां सुनवाई के दौरान काफी भावुक दिखीं। उन्होंने जज से कहा, मैं एक साल से कोशिश कर रही हूं कि दोषियों को फांसी पर चढ़ाने की तारीख तय की जाए। मैं भी एक मां हूं। इंसाफ के लिए सात साल से इंतजार कर रही हूं। मैं आपके आगे हाथ जोड़ती हूं। जज ने उन्हें आश्वसन दिया कि आपको सुनने के लिए ही कोर्ट लगा है। आपको सुना जा रहा है।

सुनवाई के दौरान निर्भया के पिता ने जज से कहा कि अगर आज दोषियों को वकील दिया जाता है तो यह निर्भया के साथ अन्याय होगा। जज ने इस पर कहा कि कानून ने दोषियों को कुछ अधिकार दे रखे हैं। उन्हें वे अधिकार लेने न दिए जाएं, तो फिर अन्याय होगा।

### दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई



### पिछले सात दिनों में कोई कानूनी विकल्प नहीं चुना

तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को निचली अदालत में एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर कहा था कि किसी भी दोषी ने पिछले सात दिनों में कोई कानूनी विकल्प नहीं चुना है, जो समयसीमा दिल्ली हाई कोर्ट ने दी थी। इन चारों दोषियों में मुकेश कुमार सिंह (32), पवन गुप्ता (25), विनय कुमार शर्मा (26) और अक्षय कुमार (31) शामिल हैं।

# केजरीवाल सरकार में नहीं होगा कोई बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद इस बात पर सबकी नजरें टिकी थीं कि आम आदमी पार्टी सरकार मंत्रिमंडल में किसे मौका दे सकती है। ताजा जानकारी के मुताबिक, सभी पुराने मंत्री ही नए कार्यकाल के लिए फिर से शपथ लेंगे। मंत्रियों की लिस्ट भी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेज दी गई है। बता दें कि शपथग्रहण समारोह रविवार को रामलीला मैदान में होगा। दरअसल, फिर से मुख्यमंत्री बने अरविंद केजरीवाल का मानना है कि जिस सरकार के और मंत्री के काम पर वे दोबारा जीत के आए हैं, उन्हीं लोगों को दोबारा मंत्री बनाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि अब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस बार आतिशी मर्लेना और राघव चड्ढा को मौका दिया जा सकता है लेकिन फिलहाल इसे लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी गई है।

**बने रहेंगे पुराने मंत्रीः** मनीष सिसोदिया, गोपाल राय, इमरान हुसैन, सत्येंद्र जैन, कैलाश गहलौत और राजेंद्र पाल गौतम पिछली सरकार में भी मंत्री थे और सभी अपना चुनाव जीतकर वापस विधानसभा पहुंच गए हैं। बता दें कि सीएम को मिलाकर दिल्ली के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या अधिकतम 7 हो सकती है।

### अटकलें खत्म

■सभी सातों मंत्री दोबारा लेंगे शपथ, 16 को होगा समारोह

**नहीं बुलाए जाएंगे दूसरे राज्यों के सीएम**

इससे पहले मुख्यमंत्री पद संभालते हुए केजरीवाल ने 2015 में भी रामलीला मैदान में ही शपथ ली थी। गौर करने वाली बात यह है कि इस बार तय किया गया है कि किसी भी दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री या पार्टी अध्यक्षों को समारोह में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार 62 सीटों पर कब्जा किया है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जे-के दौरे पर आया दूसरा विदेशी प्रतिनिधिमंडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान समाप्त किए जा चुके हैं। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद बहुत कुछ बदल गया। ऐसे में कश्मीर के हालात देखने के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर पहुंचा है। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि यह प्रतिनिधिमंडल 12 और 13 फरवरी को मीडिया, स्थानीय लोगों, व्यापारियों और नेताओं से भी मुलाकात करेगा। आपको बता दें कि इससे पहले भी एक विदेशी प्रतिनिधिमंडल कश्मीर का दौरा कर चुका है।

### नेताओं और मीडिया से भी होगी मुलाकात

भारत सरकार के आउटरीच प्रोग्राम के तहत यह दौरा आयोजित किया गया है। दो दिवसीय इस दौरे में कई देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर के बारामुला, श्रीनगर और जम्मू जैसे इलाकों में जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल वहां की सिविल सोसायटी के लोगों, युवाओं, धार्मिक, सांस्कृतिक और कई अन्य समुदायों के लोगों से मुलाकात करेगा।